हिंदी का प्रगामी प्रयोग

13.1 कोयला मंत्रालय ने वर्ष 2012–13 के दौरान अपने सभी अधीनस्थ कार्यालयों/कंपनियों तथा स्वायत्त निकाय के साथ राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग और उसके प्रचार–प्रसार तथा विकास के लिए प्रयास जारी रखे। यह मंत्रालय राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय तथा संसदीय राजभाषा समिति से प्राप्त निर्देशों को नियमित रूप से मंत्रालय के अधिकारियों/अनुभागों तथा उसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन अधीनस्थ कार्यालयों/कंपनियों तथा स्वायत्त निकाय के बीच परिचालित किया जाता है ताकि संघ की राजभाषा नीति के सांविधिक प्रावधानों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

13.2 दिन प्रतिदिन के सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न परिपत्र, आदेश तथा अपीलें नियमित रूप से जारी की गई हैं। हिंदी में टिप्पण तथा प्रारूप लेखन को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से मंत्रालय के सभी अधिकारियों और अनुभागों को द्विभाषी मानक मसौदों, शब्दकोश, सहायक पुस्तकें आदि वितरित की गई हैं। संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2012–13 के वार्षिक कार्यक्रम की एक–एक प्रति मंत्रालय के सभी अधिकारियों तथा अनुभागों के साथ–साथ इसके नियंत्रणाधीन अधीनस्थ कार्यालयों/कंपनियों एवं स्वायत्त निकाय को सरकारी कामकाम में हिंदी के प्रयोग के कार्यान्वयन हेतु निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परिचालित की गई है।

13.3 कोयला मंत्रालय द्विभाषी सुविधाओं के साथ पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत है। इसके अलावा, मंत्रालय की वेबसाइट द्विभाषी (हिंदी/अंग्रेजी) रूप से तैयार की गई है और इसे समय–समय पर अद्यतन किया जाता है।

13.4 मंत्रालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति पहले से ही कार्य कर रही है। मंत्रालय में सलाहकार (परियोजना) की अध्यक्षता में इस समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं। इसके नियंत्रणाधीन अधीनस्थ कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा स्वायत्त निकाय में भी ऐसी बैठकें आयोजित की जा रही हैं जिनमें सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया जाता है।

13.5 मंत्रालय तथा इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी अधीनस्थ कार्यालयों / कंपनियों तथा स्वायत्त निकाय में सरकारी कामकाज में राजभाषा के रूप में जागरूकता लाने तथा उसके प्रयोग में वृद्धि करने के उद्देश्य से मंत्रालय में दिनांक 14.09.2012 से 28.09.2012 तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। पखवाड़े के अवसर पर प्रत्येक श्रेणी के कर्मचारियों तथा अधिकारियों के लिए विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

13.6 हिंदी में कार्य करने में अधिकारियों और कर्मचारियों की झिझक को दूर करने के उद्देश्य से मंत्रालय समय–समय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन करता है। मंत्रालय हमेशा कर्मचारियों को नामित करके हिंदी शिक्षण योजना के तहत हिंदी भाषा, हिंदी आशुलेखन और हिंदी टंकण में प्रशिक्षण देने पर बल देता है।

13.7 सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग की स्थिति का जायजा लेने और राजभाषा अधिनियम तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करने और सरकारी कामकाज में राजभाषा अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में सुझाव देने हेतु संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप–समिति ने मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कुछ कार्यालयों का निरीक्षण किया। इसके अलावा, मंत्रालय के निरीक्षण दल ने मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन 03 कार्यालयों का निरीक्षण राजभाषा के कार्यान्वयन की स्थिति का जायजा लेने के लिए किया।

13.8 मंत्रालय प्रत्येक वर्ष पुस्तकालय हेतु हिंदी पुस्तक की खरीद करता है ताकि हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सके और अधिकारी/कर्मचारी उन्हें पढ़कर अपनी हिंदी की जानकारी को संवर्धित कर सकें।

13.9 मंत्रालय के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों में हिंदी के प्रचार–प्रसार तथा उसे संवर्धित करने के उद्देश्य से प्रतिदिन हिंदी का नया शब्द/वाक्यांश प्रदर्शित करने के लिए एक इलेक्ट्रानिक नोटिस बोर्ड लगाया गया है।

13.10 माननीय कोयला मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रालय से सम्बद्ध हिंदी सलाहकार समिति की बैठक 17.01.2013 को चेन्नई में संपन्न हुई। इस बैठक में समिति के उपस्थित सदस्यों ने संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में खुलकर विचार रखे।